Reg no:-UDYAM/JH190015501

# समाचार संध्या

झारखण्ड

समाचार संध्या खबर के साथ 24×7

SUBSCRIBE Ss samachar sandhiya

समाचार संध्या न्यूज

Email: - samacharsandhiyanews@gmail.com Samacharsandhiya.com शनिवार 07 दिसम्बर 2024






# गोमिया को विकसित और मॉडल विधानसभा बनाना मेरा पहला मकसद है : मंत्री योगेंद्र

## पेयजल स्वच्छता मंत्री योगेंद्र महतो को बधाई देने के लिए उमड़ी भीड़







**समाचार संध्या**

रजरप्पा । झारखंड सरकार में नये मंत्रिमंडल का विस्तार के बाद विभाग का बटवारा मिलने के पश्चात झारखंड के मंत्री बनने पर दर्जनों अलग-अलग स्थानों से कई संगठन से जुड़े बुद्धिजीवी मंच,स्वयंसेवी संस्था,नेता कार्यकर्ताओं ने जीत की खुशी सिद्धू कान्हू का प्रतीक चिन्ह देखकर बधाई दिया, झारखंड सरकार के विभागीय मंत्री बनने पर माला पहनाकर बुके देकर बधाई व शुभकामनाएं दी गया,सुबह से ही पैतृक आवास पर मिलने के लिए लगातार लोगों का ताँता लगा रहा, झामुमो कार्यकर्ताओं ने भी खुशी जाहिर किया मुरुबंदा गांव पहुंचकर बधाई एवं शुभकामना देने वाले भारी संख्या मे लोग पहुँचे मुख्य रूप से चतरो चट्टी,बगदा गोमिया साडम, तेनुघाट लालपनिया,गोमिया, पेटरवार, कसमार सहित विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ो लोग रामगढ़ चितरपुर प्रखंड मे स्थित पैतृक आवास मुरुबंदा पहुँचे बधाई दें रहें है,इस अवसर पर पेयजल स्वच्छता व उत्पाद विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो को फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया,इस दौरान मंत्री योगेंद्र ने कहा कि गोमिया विधानसभा में पडने वाले पास पड़ोस के बेरोजगार युवक युवतियों को रोजगार मुहैया कराना होगा हमारी प्राथमिकता, झारखण्ड के गोमिया विधानसभा को एक विकसित विधानसभा बनाना मेरा लक्ष्य है मॉडल तर्ज पर गोमिया का होगा विकास पेयजल स्वच्छता मंत्री ने कहा कि सभी ग्रामीण क्षेत्रों में नल से जल घर-घर तक पहुंचाना है ग्रामीण क्षेत्र की मूलभूत समस्या सड़क पानी बिजली शिक्षा स्वास्थ्य को दुरुस्त करना सुदूरवरती इलाकों में सड़कों का जाल बिछाया जाएगा, मकसद,इस मौके पर कई संगठन के लोगों ने मंत्री के स्वागत में शामिल हुए।

# भुरकुंडा कोलियरी रोड सेल समिति ने विधायक रोशनलाल चौधरी से की मुलाकात, रोड सेल चालू करवाने की मांग की



**समाचार संध्या**

भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा कोलियरी रोड सेल समिति के सदस्यों ने शनिवार को नव निर्वाचित विधायक रोशन लाल चौधरी से आवसीय कार्यालय पतरातु में मुलाकात की। इस दौरान सेल समिति के सदस्यों ने विधायक रोशन लाल चौधरी को बुके देकर जीत की बधाई दी। साथ ही भुरकुंडा कोलियरी क्षेत्र में 5 वर्षों से बंद लोकल सेल को पुनः चालू करवाने की दिशा में पहल करने का आग्राह किया। सेल समिति के लोगो ने कहा की रोड सेल (लोकल सेल) बंद होने से ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के लगभग 3000 मजदुर बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं। कोलियरी हित और पलायन को रोकने के लिए रोड सेल चालू किया जाना चाहिए। विधायक रोशन लाल चौधरी ने आश्वासन दिया की जल्द ही सीसीएल प्रबंधन से वार्त्ता कर रोड सेल खुलवाने का प्रयास करूंगा। मुलाकात करने वालो में दर्शन गंझू, रेवती रमण शर्मा, सरोज कांत झा, मुकेश पासवान, रविन्द्र सिंह, संजय मिश्रा, हरिशंकर चौधरी आदि शामिल थे।

# चित्तरपुर क्षेत्र के किसानो को मसूर सरसों बीज का वितरण किया गया






**समाचार संध्या**

रजरप्पा। कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा )रामगढ़ के चितरपुर प्रखंड में प्रखंड कृषि पदाधिकारी चित्रा सिंह मुंडा,प्रखंड तकनीकी प्रबंधक चंद्रमौली, सहायक तकनीकी प्रबंधक निरंजन कुमार वं अनामिका टेटे की उपस्थिति में किसानों को खाद्य पोषण सुरक्षा (कृषिन्नोति योजना) एवं ट्रफा योजना 2024-25 के तहत दलहन एवं तेलहन की खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रत्यक्षण कार्य के लिए बीज उपलब्ध कराया गया लाभुक किसानों को प्रत्यक्षण कार्य कैसे करनी है इस संबंध विस्तृत जानकारी प्रखंड तकनीकी प्रबंधक चंद्रमौली के द्वारा दी गई। जैसे खेत की तैयारी कैसे करे, बीजोपचार कैसे करेंगे, पंक्तिबद्ध तरीके से खेती कर अधिक उत्पादन ले सकेंगे। आई एन एम व आई पी एम के अनुशंसित मात्रा में प्रयोग करने के खेती में क्या फायदे है इस संबंध में प्रकाश डाला । प्रखंड तकनीकी प्रबंधक चंद्रमौली के द्वारा बताया गया कि प्रत्यक्षण प्रक्षेत्र का निरीक्षण आत्मा के प्रसारकर्मी के द्वारा निरंतर किया जाएगा और फसल के हरेक क्रांतिक अवस्था पर उपयोगी सुझाव दिया जाएगा।

# बालक-बालिकाओं के मैराथन में 500 विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा, उत्साह के साथ लगाया दौड़

## ए ला एंग्लाइज विद्यालय में वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता का हुआ शुंभारंभ

## शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेल-कूद जरूरी : विक्रांत कुमार








**समाचार संध्या**

भुरकुंडा (रामगढ़)। ए ला एंग्लाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय बिरसा चौक भुरकुंडा में शनिवार को वार्षिक खेल - कूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ हुआ। इसकी शुरुआत बालक और बालिकाओं का मैराथन दौड़ से हुआ। जिसमें करीब 500 छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। मैराथन का शुभारंभ शिक्षिक धर्मेश सोनी और गीता प्रसाद ने हरी झंडी दिखाकर की। खेल दिवस की शुरूआत बालको के मैराथन से हुआ। 300 किमी की लंबी दौड़ में करीब 300 छात्रों ने हिस्सा लिया। इसमें वाल्मीकि सदन के आयुष कुमार ने बेहतर प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं टैगोर सदन के आयुष उरांव और वाल्मीकि सदन के निशांत कुमार क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहंे। वहीं बालिकाओं के मैराथन के 3 किमी लंबी दौड़ में लगभग 150-200 छात्राओं ने हिस्सा लिया। इसमें आर्यभट्ट सदन की परी कुमारी ने पहला स्थान प्राप्त किया। जबकि टाइगर सदन की अवंतिका कुमारी और अल्फा अशोक सदन की दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। मौके पर विद्यालय के निदेशक विक्रांत कुमार ने दोनों मैराथन के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह मैराथन हमारे छात्रों को न केवल शारीरिक फिटनेस के लिए प्रेरित करती है, बल्कि उनमें अनुशासन और संघर्षशीलता का भी विकास करती है। खेल शिक्षक कंचन सोनी और कंचन दास ने कहा कि खेल-कूद हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह आयोजन छात्रों में सकारात्मक सोच और टीम भावना विकसित करने में मदद करता है। उन्होंने कहा कि आयोजन ने न केवल खेल दिवस को यादगार बनाया, बल्कि छात्रों के बीच खेलों के प्रति रुचि और समर्पण को भी बढ़ावा दिया। आयोजन को सफल बनाने में धर्मेश सोनी, जय किशोर प्रसाद महतो, कुमार विश्वकसेन, सूरज देव सिंह, मिथलेश बेदिया, कंचन दास, राजन कुमार, अजित शर्मा, कंचन सोनी, अजित सिन्हा, गौरव कुमार साहू, सिद्धार्थ कुमार, सुजय कुमार, गीता प्रसाद और सीमा कुमारी का विशेष योगदान रहा।

### बालको के मैराथन में टॉप टेन में ये छात्र हैं शामिल

बालको के मैराथन के टॉप टेन में आयुष कुमार (वाल्मीकि सदन), आयुष उरांव (टैगोर सदन), निशांत कुमार (वाल्मीकि सदन), प्रीत कुमार (बुद्ध सदन), रोहित कुमार (बुद्ध सदन), अनस (अशोक सदन), बादल (वाल्मीकि सदन), राजवीर (टैगोर सदन), अंकित (अशोक सदन) और प्रत्यूष लिंडा (अशोक सदन) ने अपना स्थान बनाया।

### बालिकाआंे के मैराथन में टॉप टेन में ये छात्राएं हैं शामिल

बालिकाओं के मैराथन के टॉप टेन में परी कुमारी (आर्यभट्ट सदन), अवंतिका कुमारी (टैगोर सदन), अल्फा (अशोक सदन), माही कुमारी (नेताजी सदन), स्वाति उरांव (आर्यभट्ट सदन), यामिनी कुजूर (आर्यभट्ट सदन), उमा कुमारी (टैगोर सदन), मानसी कुमारी (नेताजी सदन), नंदनी कुमारी (अशोक सदन) और संजना कुमारी (टैगोर सदन) ने अपना स्थान बनाया।

# लायंस क्लब भुरकुंडा ने मां शीतला देवी मंदिर सयाल मोड़ में भंडारा का किया आयोजन

## फूड फॉर हंगर के तहत 300 लोगों को कराया भोजन, कहा- जारी रहेगा सेवाभाव

## गरीब-जरूरतमंदों की सेवा सर्वोपरि : रेखा वर्णवाल



**समाचार संध्या**

भुरकुंडा (रामगढ़)। लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस शनिवार को भी भुरकुंडा के पटेलनगर सयाल मोड़ स्थित मां शीतला देवी मंदिर में नर सेवा नारायण सेवा कार्यक्रम के तहत भव्य भंडारा का आयोजन किया। सर्वप्रथम पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पंडित रामकुमार पाठक द्वारा शीतला माता की पूजा-अर्चना कराई गई। इसके बाद मां को भोग लगाया गया। तत्पश्चात भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा का शुभारंभ लायंस क्लब के लोगों ने संयुक्त रूप से श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण कर किया। इस अवसर पर फूड फॉर हंगर के तहत करीब 300 लोगों को भरपेट भोजन कराया गया। इस दौरान लायंस क्लब के लोगों ने सभी को खिचड़ी रूपी प्रसाद व लड्डू खिलाकर आर्शीवाद लिया। बताया गया कि लायंस क्लब द्वारा प्रत्येक शनिवार को भंडारा का आयोजन जारी रहेगा। मौके पर क्लब की अध्यक्ष रेखा वर्णवाल ने बताया की लायंस भुरकुंडा समाज के निचले स्तर पर जीवन यापन कर रहे लोगो को ध्यान में रखकर समाजिक उत्थान के कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा ही कल्ब का उद्देश्य है। जो निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब की अध्यक्ष रेखा बर्णवाल, सचिव अंजू देवी, कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद, जोन चेयरपर्सन एमजेएफ डॉ. राजेंद्र महतो, जिला चेयरपर्सन अखिलेश शर्मा, चेयरपर्सन अशोक सिन्हा, एमजेएफ संजय जायसवाल, विजयंत कुमार, लायन संजय कुमार, दीनबंधु सिंह, सूबेदार एचएन यादव, निर्मल अग्रवाल, विजय वर्णवाल, प्रमोद शर्मा, रेणु जायसवाल, मनोज कुमार मंजुल, रेखा मंजुल, सीमा यादव, सरिता देवी, संतोष नायक आदि का योगदान रहा। इधर राज नर्सिंग होम के प्रोपराइटर सह एमजेएफ डॉ राजेंद्र महतो ने बताया कि भुरकुंडा ट्रेकर स्टैंड स्थित राज नर्सिंग होम भुरकुंडा में लायंस क्लब के सौजन्य से परमानेंट प्रोजेक्ट के तहत प्रत्येक महीना के 9 तारीख को गर्भवती महिलाओं का चेकअप एवं नवजात शिशुओं का टीकाकरण किया जाता है, क्षेत्रवासी इसका लाभ उठाएं।

# प्रखंड अध्यक्ष ने विधायक योगेंद्र प्रसाद को मंत्री बनाये जाने पर दी बधाई



**समाचार संध्या रिपोर्ट एस कुमार**

गिद्दी/सिरका। झारखंड मुक्ति मोर्चा के डाड़ी प्रखंड अध्यक्ष सह 20 सूत्री अध्यक्ष लखनलाल महतो ने कार्यकर्ताओ के साथ मंत्री योगेंद्र प्रसाद के आवास मरूबंदा पहुंच कर झारखंड सरकार में गोमिया विधायक योगेंद्र प्रसाद को पेयजल एंव स्वच्छता विभाग मंत्री बनाये जाने पर उन्हें बधाई दी। इस दौरान 20सूत्री अध्यक्ष लखनलाल महतो ने मंत्री योगेंद्र प्रसाद को पुष्प गुच्छ देकर व मिठाई खिलाकर कर उनके उज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की। मौके पर मंत्री योगेंद्र प्रसाद से लखनलाल महतो ने डाड़ी प्रखंड क्षेत्र की मूल समस्याओं से अवगत कराते हुए कहा कि क्षेत्र में उच्च शिक्षा का घोर अभाव है। पलायन पर भी अंकुश लगाने का आग्रह किया। साथ ही कई महत्वपूर्ण विकास कार्यो पर प्रकाश डाला। जिससे क्षेत्र के लोग लाभान्वित हो सके। मौके पर मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने लखनलाल महतो को अस्वस्थ करते हुए कहा कि कड़ी मेहनत व समर्पण से झारखंड के विकास में महत्वपूर्ण भागीदारी हमारी रहेगी। क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिलेगी और जनता के हित में नयी योजनाओं का क्रियान्वयन होगा। बधाई देने वालो में झामुमो डाड़ी प्रखंड अध्यक्ष लखनलाल महतो, श्रीनाथ महतो, सहित कई कार्यकर्ता का नाम शामिल है।

# रैलीगढ़ा वर्कशॉप से लाखों का सामान ले गए चोर



**समाचार संध्या रिपोर्ट एस कुमार**

गिद्दी/सिरका। गिद्दी थाना अंतर्गत रैलीगढा वर्कशॉप को शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया। 16-17 की संख्या में अज्ञात चोर रैलीगढा वर्कशॉप पहुंचे। वहां ड्यूटी पर मौजूद तीन-चार सुरक्षा कर्मी को बंधक बनाया। इसके पश्चात वर्कशॉप के दो-तीन रूम का ताला तोड़ कर रूम में रखे लाखों रुपये के सामान को लेकर फरार हो गये। सीसीएल सुरक्षा पदाधिकारी के द्वारा गिद्दी थाना में लिखित आवेदन दिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात 16-17 की संख्या में नकाबपोश अज्ञात चोरो ने रैलीगढ़ा वर्कशॉप पिकअप गाड़ी लेकर पहुंचे। चोरों ने पहले ड्यूटी पर मौजूद सीसीएल सुरक्षा कर्मी को बंधक बनाया। इसके पश्चात दो-तीन रूम का ताला तोड़ा। रूम में रखे लाखों रुपये के सामान को पिकअप गाड़ी में लोड कर फरार हो गये।

# आयोजन जागरूकता फैलाने और टीवी को पूरे देश से खत्म करने को ले लिया गया सामुहिक संकल्प

## टीवी उन्मूलन को ले सीसीएल अस्पताल भुरकुंडा में शपथ ग्रहण समारोह का हुआ

**समाचार संध्या**

भुरकुंडा (रामगढ़) । टीवी उन्मूलन को पूरे देश से खत्म करने को लेकर सीसीएल आदर्श क्षेत्रीय अस्पताल भुरकुंडा में शनिवार को शपथ ग्रहण समारोह



का आयोजन हुआ। इसमें अस्तपाल के तमाम डॉक्टर और स्टॉफ कर्मियों ने टीवी बीमारी के बावत जारूगता फैलाते हुए इसे पूरे देश खत्म करने का सामुहिक संकल्प लिया। शपथ ग्रहण करने वालो में एएमओ अनूप कुमार टोप्पो, डॉ. रिया कुमारी, सिस्टर स्नेहलता कुजूर, मानती कुमारी, अमिता कुमारी, सुनीता टेटे, मुनको, बेबी देवी, रुखसाना, रीना, पूनम, पनवा देवी, ललन प्रसाद, फारूक राजा, केडी शरण, राहुल झा, चैतन्य, अमलेश भौमिक, रंजन, सिकंदर, विक्की आदि शामिल थे।

# श्रमिक मैदान अरगड्डा में नगर परिषद व अंकित एकेडमी के लड़को ने चलाया सफाई अभियान

## खेल स्टेडियम में जुटने वाले शराबियों पर हिन्दू टाईगर फोर्स की रहेगी निगरानी, जरूरत पर होगी कारवाई-रंधीर




**समाचार संध्या रिपोर्ट एस.कुमार**

सिरका। श्रमिक खेल मैदान अरगड्डा-सिरका का नगर परिषद व अंकित एकेडमी के लड़को के द्वारा सफाई अभियान चलाया गया. नगर परिषद के द्वारा मशीन से घांस कटाई की गई. जबकि अंकित एकेडमी ने मैदान से कूड़े, कचरो को हटाकर नियमित दौड़ के लिए रास्ता बनाया. इससे सुबह या शाम युवाओ, वृद्धो को चलने, टहलने, दौड़ लगाने में सुविधा होगी. वहीं हिन्दू टाईगर फोर्स के जिलाध्यक्ष रंधीर कुमार ने बताया कि श्रमिक मैदान में जुटने वाले शराबियों पर निगरानी हो रही है. जरूरत पड़ने पर कारवाई भी संभव है. सुबह 9:30 बजे तक मैदान में वाहनो पर प्रतिबंध होगा. बताया कि अंकित एकेडमी से लोकल बच्चे निःशुल्क प्रशिक्षण ले सकता है. जिससे आर्मी, पुलिस समेत अन्य डिफरेंस लाईन में बेहतर कर सकते हैं। सफाई के कारण 50 प्रतिशत शराबियो का अड्डा कम नजर आ रहा है। मौके पर रंधीर सिंह, रामाशीष प्रजापति, नप जमादार समीम, मशीन आंपरेटर अमरदीप, सफाई मित्र राहुल राम, दीपक दास, राजीव प्रधान, राजा, विक्की, रोनित, शिवा, अंकित सिंह, अभिषेक थापा सहित कई उपस्थित थे।

# पत्रकार को पितृ शोक, शोक संवेदनाओं का लगा तांता

भुरकुंडा (रामगढ़)। रांची से प्रकाशित एक हिन्दी दैनिक अखबार के भुरकुंडा संवाददाता मो. इस्लाम के पिता सह पूर्व सीसीएल कर्मी यार मोहम्मद 69 वर्ष का शनिवार की सुबह जवाहरनगर भुरकुंडा स्थित सीसीएल आवास में आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन पर कोयलांचल के पत्रकारों ने गहरी शोक संवेदना प्रकट की है। पिछले कुछ समय से यार मोहम्मद किडनी के रोग से ग्रसित थे। दिवंगत अपने पीछे भरा पुरा परिवार छोड गये हैं। कोयलांचल भुरकुंडा के पत्रकारो ने दिवंगत



आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की। उनका अंतिम संस्कार पैतृक गांव बलिया उतरप्रदेश मंे रविवार का किया जायेगा। शोक संवेदना प्रकट करने वालो में राजकुमार सिंह, महावीर प्रसाद, अवधेश शर्मा, सरोजकांत झा, राकेश पांडेय, दुर्गेश नंदन तिवारी, हृदयनारायण सिंह, उत्तम सिन्हा, दीपक कुमार, कुमार आलोक, धर्मेन्द्र यादव, कमलेश मेहता, दिलीप प्रजापति, रितेश मिश्रा, बिजेन्द्र पासवान, संजय पासवान, शिवकुमार, अमित पाठक सिंह सहित अन्य पत्रकार शामिल हैं।

# यज्ञ आयोजन को लेकर गिद्दी शमशान काली मंदिर में हुई बैठक



**समाचार संध्या रिपोर्ट एस कुमार**

गिद्दी/सिरका। गिद्दी शमशान काली घाट मंदिर के समक्ष यज्ञ आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में एक बैठक का आयोजित की गयी। इसकी अध्यक्षता कामता पाठक ने की। संचालन संजय पांडेय ने किया। बैठक में बताया गया कि यह यज्ञ तीसरा यज्ञ हैं। इसे एतिहासिक यज्ञ बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में यज्ञ को सफल बनाने को लेकर कई निर्णय लिये गये। बैठक में इससे संबंधित कई बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गयी साथ ही उपस्थित लोगों ने भी अपनी-अपनी बातें रखी। बैठक में बताया गया कि 20 जनवरी से यज्ञ प्रारंभ व 28 जनवरी 2025 को पूर्णाहुति होगी। तथा 29 को महाभंडारा का आयोजन होगा। आयोजन से जुड़ी जानकारी उपस्थित समिति व लोगो को दी गयी। उपस्थित ग्रामीणों और समिति सदस्यों ने कहा कि आयोजन निर्विघ्न और सफलता के साथ सम्पन्न कराने का दायित्व हम-सबका है। बैठक में सर्वसम्मति से यज्ञ समिति माँ श्मशान काली गिदी ए का गठन किया गया। जिसमें संरक्षक योगेन्द्र सिन्हा, मनोज राम, संयोजक डाड़ी प्रखंड के 14 पंचायत के मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्य, अध्यक्ष भुपेन्द्र सिंह सैनी, सचिव शंभु सिंह, सह सचिव रणधीर सिंह, कोषाध्यम ललन विश्वकर्मा, संजय सिंह उर्फ बबलू सिंह, संगठन सचिव संजय सिंह, विमल, श्रवण कुमार पासवान, कार्यकारी अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार आदि को चुना गया है। बैठक समिति सदस्य सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से बच्चों ने मोहा मन, छात्र-छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

### पावन क्रूस विद्यालय पटेलनगर भुरकुंडा में धूमधाम से मना पैरेंट्स डे

### हर क्षेत्र में अव्वल हैं यहां के बच्चे : जीएम









**समाचार संध्या**

भुरकुंडा (रामगढ़)। पावन क्रूस विद्यालय पटेलनगर भुरकुंडा में शनिवार को पैरेंट्स डे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी शुरूआत मुख्य अतिथि बरका-सयाल महाप्रबंधक अजय सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों का नृत्य-गीत के साथ स्वागत करते हुए मंच पर बैठाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक नृत्य, गीत व नाटक का मंचन कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। वहीं मोबाइल के दुष्प्रभाव के बावत बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया नाटक लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। मौके पर मुख्य अतिथि जीएम अजय सिंह ने कहा कि यहां के बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ हर क्षेत्र में अव्वल हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों के कार्यक्रम देखकर यह कहा जा सकता है कि यहां के बच्चे प्रतिभा के धनी है। उन्होंने ऐसे आयोजन के लिए विद्यालय परिवार को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों की प्रतिभा निखरती है, साथ ही बच्चों में नये ऊर्जा का संचार होता है। कार्यक्रम में सत्र 2023-24 में मैट्रिक परीक्षा में रामगढ़ जिला में टॉप 10 की सूची में आने वाले पावन क्रूस विद्यालय की छात्राओं को सचिव एग्नेस बेक ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। वहीं शत प्रतिशत अटेंडेंस, बेहतर मार्क्स और खेल-कूद में बेहतर प्रदर्शन करने सहित अन्य क्षेत्रो में बेहतर प्रर्दशन के लिए बच्चों को पुरस्कृत किया गया। मौके पर विद्यालय की सचिव एग्रेस बेक ने विद्यालय के सालभर की उपलब्धियों और क्रिया-कलापो पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बच्चों का स्कूली जीवन अपने परिवार से ही शुरू होती है। अच्छे संस्कार और व्यवहार घर से ही मिलना चाहिए। आपसी प्रेम का संदेश होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि अभिभावक अपने घर में एक सुखद वातावरण बनाएं रखें ताकि बच्चों के सर्वांगीण विकास में कोई बाधा उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय प्रबंधन कटिबद्ध है। आने वाले वर्षों में यहां के बच्चे एक-दूसरे से अंग्रेजी में बातचीत कर सकें इसके लिए कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापिका सिस्टर सुमंती टोप्पो व सचिव एग्नेस बेक और संचालन रेणु पॉल और आनंद टेटे ने संयुक्त रूप से किया। धन्यवाद ज्ञापन बासिल कुजूर ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सिस्टर संगीता, सिस्टर सुनीता मिंज, सिस्टर अनुपम जोजो, सिस्टर निर्मला, सिस्टर अल्मा, निशा, सिस्टर प्रभा, सिस्टर सुनीता, मिंज एवं रजनी सिन्हा, सुधीर कुमार, मो. कमरूद्दीन, रेनू पॉल, आनंद, निर्मला, कंचन, रजनी डुंगडुंग, मनीष, संगीता, सोसन, बासिल, सुदीप, नीलिमा, पूजा, दीपा, मानसी, अल्मा, गायत्री आदि शिक्षक-शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा।